आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 24.08.2024
समय : 09:00 ए.एम.

- चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने राजकीय चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जारी की गाईडलाइन।
- प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए स्टेट मेडिकल वैल्यू ट्यूरिज्म कमेटी का किया गया गठन।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जयपुर विकास प्राधिकरण के एक तहसीलदार, तीन गिरदावर, एक कनिष्ठ अभियंता, पटवारी और एक दलाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार।
- प्रदेश में मॉनसून की बारिश का दौर जारी–आज कोटा, बारां, झालावाड, नागौर, पाली और करौली जिलों में बारिश की संभावना।

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने एक परिपत्र जारी कर राजकीय चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद करने की गाईडलाइन जारी की है। विभाग ने चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी भयमुक्त वातावरण में मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकें, इसके लिए सभी चिकित्सा संस्थाओं के प्रभारी और नियन्त्रण अधिकारियों को समुचित कदम उठाने के लिए निर्देश दिए है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और अन्य कारणों से कई बार कार्मिकों पर हमला और वाद–विवाद की घटनाएं घटित हो जाती हैं। इन घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए आपातकालीन इकाइयों, प्रवेशद्वार और संवेदनशील स्थानों पर उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाएंगे। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा गार्ड द्वारा प्रवेश द्वार और निकासी द्वार पर निगरानी रखी जाये ताकि अधिकृत कर्मी अस्पताल में प्रवेश करे। अधिकृत कर्मी की आसानी से पहचान के लिए उनके आईकार्ड और मरीज के गेट पास की जाँच कर प्रवेश दिया जाये। डयूटी के समय अस्पताल के सभी कार्मिकों द्वारा आई कार्ड लगाया जाए तथा निर्धारित गणवेश में डयूटी की जाए। मरीज से मिलने के लिए केवल एक या दो परिजनों को ही अनुमति दी जाए। मिलने का समय भी नियत किया जाए।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए नया ड्रेस कोड तैयार करने को कहा है। मंत्रालय ने इस संबंध में केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों और चिकित्सा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को पत्र लिखा है। मंत्रालय ने कहा है कि यह परिवर्तन औपनिवेशिक विरासत को छोडने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पत्र में कहा गया है कि विभिन्न संस्थान दीक्षांत समारोह के दौरान काले वस्त्र और टोपी का उपयोग करते हैं और यह परम्परा यूरोप में मध्य युग में शुरू हुई थी। मंत्रालय ने संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की स्थानीय परम्पराओं के आधार पर संबंधित संस्थान के लिए उचित भारतीय ड्रेस कोड तैयार करे।

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए स्टेट मेडिकल वैल्यू ट्यूरिज्म कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी मेडिकल ट्यूरिज्म से संबंधित नीति निर्धारण के साथ ही उसका प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी के उपाध्यक्ष पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव होंगे। नगरीय विभाग के प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद विभाग के सचिव, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन के आयुक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य

मिशन के मिशन निदेशक, सूचना और प्रौद्योगिकी आयुक्त तथा चिकित्सा शिक्षा आयुक्त समिति के सदस्य होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी जोधपुर में आयोजित राजस्थान हाईकोर्ट के 75वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों के समापन में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री कल विशेष विमान से जोधपुर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए कल एसपीजी और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने उनकी यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई.ने खाद्य उत्पाद से जुडें संचालकों और ई–कॉमर्स प्लेटफार्म पर खाद्य उत्पाद से जुडें संचालकों से दूध और दूध से बने उत्पादों की सभी पैकेजिंग से ए–वन और ए–टू के बारे में सभी दावे तत्काल हटाने का आदेश दिया है। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि खाद्य उत्पाद से जुडें संचालक ए–वन और ए–टू के वर्गीकरण के अंतर्गत दूध और घी, मक्खन और दही जैसे दूध से बनने वाले उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। प्राधिकरण ने कहा है कि दूध में ए–वन और ए–टू का वर्गीकरण आवश्यक रूप से प्रोटीन के संबंध में होना चाहिए। इसलिए दूध वसा उत्पादों के संबंध में ए–टू का दावा भ्रामक है और ये प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कल एक कार्रवाई करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण के एक तहसीलदार, तीन गिरदावर, एक कनिष्ठ अभियंता, पटवारी और एक दलाल को एक साथ अलग–अलग रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी को परिवादी द्वारा अपनी जमीन के 90–ए रूपांतरण करवाने की एवज में इन अधिकारियों द्वारा अलग–अलग करीब तेरह लाख रूपये की रिश्वत मांगी जा रही थी, जिस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कर मय टीम ट्रेप की कार्यवाही को अंजाम देकर तहसीलदार, कनिष्ठ अभियंता, गिरदावर, पटवारी और दलाल को राशि के साथ मौके पर गिरफ्तार किया गया। डॉ मेहरडा ने कहा की ए सी बी के पास भ्रष्टाचार से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी और साक्ष्य मौजूद हैं, इन सूचनाओं के आधार पर विभाग कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के निवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध करवाने और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दीर्घकालीन योजनाएं बनानी होगी। श्री शर्मा कल एक निजी कार्यकम में 'विकसित राजस्थान 2047–नगरीय निकायों के लिए रोडमैप' राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भवन निर्माण के लिए उसका नक्शा बनाना जरूरी है उसी तरह भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकास का रोडमैप तैयार करना आवश्यक है।
श्री शर्मा ने कहा कि साल 2047 तक विकसित राजस्थान की परिकल्पना साकार करने के लिए हमें शहरों को आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार, परिवहन सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सक्षम बनाना है।

बीकानेर में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। जिले के रासीसर गांव में भारतमाला रोड के पास दो कारों के आपस में टकराने से ये हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल को पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेन्टर में भर्ती कराया है जहां उसका ईलाज चल रहा है।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई जगहों पर हल्की से मध्यम व कुछ जगहों पर भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज कोटा, बारां, झालावाड, नागौर, पाली और करौली जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार कल पाली, झुंझुनूं, चित्तौडगढ़, टोंक जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। भीलवाडा के

रायला और आसिंद में कई जगह मुसलाधार बारिश हुई। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कल शाम को जमकर बारिश हुई, जिससे सड़कों पर पानी भर गया और ब्योरा हमारे संवाददाता से।